सत्यमेव जयते

## राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र

## हैदराबाद

# <u>राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र हैदराबाद कार्यालय के संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा निरीक्षण पर रिपोर्ट</u>

संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वारा केंद्रीय सरकार के कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण दिनांक 21-08-2023 से 22-08-2023 तक विजयवाड़ा आंध्र प्रदेश में सम्पन्न हुआ ।

दिनांक 22-08-2023 को समिति ने राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र हैदराबाद, तेलंगाना राज्य, के साथ निरीक्षण बैठक की, जिसमे तेलंगाना राज्य की ओर से राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र मुख्यालय, नई दिल्ली से राज्य समन्वयक एवं उपमहानिदेशक श्री वी.टी.वी. रमणा, हिन्दी अनुभाग के समूह प्रमुख एवं उपमहानिदेशक श्री चैतन्य कुमार शुक्ला, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी एवं उपमहानिदेशक श्री अजय मधुकर जोशी, राष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर एकक के विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ निदेशक (आई.टी.) श्री अनिल राठौर, हिन्दी अधिकारी एवं वरिष्ठ निदेशक (आई.टी.) श्रीमती आरती माथुर, उपनिदेशक प्रशासन श्रीमती टी.शान्ति, हिन्दी कार्यान्वयन समिति की सदस्य एवं निदेशक(आई.टी.) श्रीमती अन्नपूर्णा, वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक श्रीमती वेंकूबाई के साथ इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार से राजभाषा ग्रुप प्रमुख श्री प्रवीण चांदेकर एवं राजभाषा उप सचिव श्री जगदीश गोकलानी ने भाग लिया।

इस दौरान समिति ने मंत्रालय एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यालय में हो रहे राजभाषा हिंदी के कार्यों का अवलोकन किया और व्यापक चर्चा की। बैठक के अंत में समिति के उपाध्यक्ष ने राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी श्री अजय मधुकर जोशी को प्रमाणपत्र प्रदान किया और भविष्य में हिन्दी कार्यान्वयन को बेहतर बनाने की सलाह दी।




संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति के सदस्य




राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, तेलंगाना राज्य, मुख्यालय एवं मंत्रालय के सदस्य




राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी श्री अजय मधुकर जोशी को प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए संसदीय समिति के उपाध्यक्ष श्री भर्तृहरि महताब, साथ में मुख्यालय एवं मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी



संसदीय समिति के उपाध्यक्ष श्री भर्तृहरि महताब का अभिनंदन करते हुए राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी श्री अजय मधुकर जोशी

भर्तृहरि महताब
**Bhartruhari Mahtab**
संसद सदस्य (लोक सभा)
Member of Parliament (Lok Sabha)

उपाध्यक्ष
Deputy Chairman
संसदीय राजभाषा समिति
Committee of Parliament on Official Language

अ. शा. पत्र सं. 11012/09/2023-समिति-2

दिनांक : 22 अगस्त, 2023

श्री अजय मधुकर जोशी,

संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति ने दिनांक 22 अगस्त, 2023 को आपके कार्यालय में संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए हिन्दी के प्रयोग में की गई प्रगति का पुनर्विलोकन किया और इस संबंध में आपसे तथा आपके सहयोगियों के साथ व्यापक चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान आपके सहयोग के लिए धन्यवाद।

भर्तृहरि महताब
(भर्तृहरि महताब)

श्री अजय मधुकर जोशी,
वैज्ञानिक-जी एवं राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी,
राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, राष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर एकक,
हैदराबाद-500063

कार्यालय / Office : 11, तीन मूर्ति मार्ग, Teen Murti Marg, नई दिल्ली / New Delhi - 110011